# Shenandoah

Shenandoah National Park
Virginia

National Park Service
U.S. Department of the Interior



## पर्वत की चोटी का आकर्षण



हाइकर्स—NPS / JOHN F. MITCHELL; तितली *(नीचे दिये गये फोटो में)*—NPS



पर्वतों की चोटियां हमेशा इन्सानों को इशारे से बुलाती रही हैं। चोटी पर खड़ा होना–जितनी दूर तक नज़र जाये उतनी दूर तक देखना, हमारी दुनिया की विशालता को आत्मसात करना– सहसा विस्मित और विनम्र तथा प्रेरित कर देने वाला होता है।

गगनचुम्बी इमारतों और हवाई यात्रा के आम बात हो जाने से पहले, 1935 में स्थापित शेननडो राष्ट्रीय उद्यान, लाखों लोगों को चोटी तक यात्रा करने का अवसर प्रदान करने के लिए तैयार किया गया था।

शुरुआत से ही, राष्ट्रीय उद्यान के योजनाकारों ने, मोटर कारों की नयी लोकप्रियता का लाभ उठाते हुए, शेननडो की "सबसे शानदार एक खूबी" ऐसी स्काई-लाइन ड्राइव बनाने के लिए अनुरोध किया जिस पर मोटर यात्री ब्लू रिज तक इत्मिनान से ड्राइव का आनंद ले सकें और जहाँ पर वे आलीशान नज़ारों के विस्मय और उनकी प्रेरणा को अनुभव कर सकें। स्काईलाइन ड्राइव–शिखर तक आपकी सड़क का निर्माण–कांग्रेस के द्वारा राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना किये जाने से भी पहले शुरू हो गया था।

आज, स्काईलाइन ड्राइव आपका विविध अनुभवों का एक पोर्टल है। शेननडो के जंगलों और उसकी घाटियों में छिपी समृद्ध प्राकृतिक और सांस्कृतिक कहानियों की खोज करें। पूर्व में बने इस नये उद्यान की स्थापना के बारे में जानें जो शहर के निवासियों को राष्ट्रीय उद्यान का वह अनुभव प्रदान करेगा जो पश्चिम में लोकप्रिय हो चुका है।

जमीन के 1,000 से भी अधिक निजी स्वामित्व वाले भूभागों से बना हुआ, शेननडो जंगलों, खेतों, बगीचों, और घरों के मिश्रित स्वरूप के तौर पर शुरू हुआ था। 1976 में कांग्रेस ने इस बहुमूल्य संसाधन को उच्चतम संरक्षण प्रदान करते हुए, उद्यान के 40 प्रतिशत से भी अधिक भाग को निर्जन वन के रूप में निर्दिष्ट कर दिया।



पैदल यात्रियों के लिए ओल्ड रैग के प्राचीन विशाल ग्रेनाइट के गोल पत्थर। NPS / BOB KUHNS



हेमलॉक स्प्रिंग्स, मुलायम बर्फ से घिरी सर्दियाँ
NPS



डॉयल्स नदी में एक सुंदर झरने का पता लगायें।
NPS



धुँध भरे जंगलों में टहलना जादुई होता है।
NPS



लेडीज़ स्लीपर्स के मोहक फूल जंगल में पगडंडी रास्तों की शोभा बढ़ाते हैं।
NPS / ED KNEPLEY



ड्राइव के साथ ग्राउंडहॉग्स का आम नज़ारा रहता है।
NPS / BOB KUHNS



पहाड़ी लॉरल फूल जून में खिलता है।
NPS / JOHN F. MITCHELL



शरद ऋतु के रंग लोगों को पहाड़ों पर इशारे से बुलाते हैं। सबसे ऊपर: लिटिल स्टोनी मैन क्लिफ्स के ऊपर से नज़ारा।
NPS / ED KNEPLEY; *(ऊपर दिये गये फोटो में)*—NPS / JOHN F. MITCHELL

## शेननडो में मौसमी बदलाव

वसंत किसी विशिष्ट तिथि पर आपके घर पर आ सकता है, लेकिन यहाँ पर यह लाल मैपल, हेपैटिका, और सर्विसबेरी के खिलने के साथ ही मार्च में शुरू होकर, रोजाना पहाड़ों पर लगभग 100 फीट/30 मीटर चढ़ता है। गिलहरियां यानि चिपमंक्स और खस्सी सूअर यानि ग्राउंडहॉग्स फिर से जमीन के ऊपर दिखायी देने लगते हैं। पहाड़ी चोटियों पर मई के आखिरी दिनों तक पेड़ों पर पत्ते नहीं निकलते हैं। जंगली फूल अप्रैल और मई में खिलना शुरू होते हैं, और बड़े फूलों वाला ट्रिलियम जंगल की जमीन पर मानो कालीन बिछा देता है। गुलाबी अज़ालिया अप्रैल और मई में खिलता है, और पहाड़ी लॉरल जून में। रंगीन पंखों वाले प्रवासी पक्षी वापस लौट आते हैं। वर्ष में हर मौसमी चक्र भिन्न होता है, जो उद्यान में बार-बार आने के नये कारण लेकर आता है।

ग्रीष्म ऋतु पर्वत चोटी पर घाटी में अपना गहरे हरे रंग का आवरण धारण कर लेती है। पक्षी घोंसला बना रहे होते हैं– कैटबर्ड्स, इंडिगो बंटिंग्स, और टोव्हीस। हिरण और भालू के बच्चे खोजने और सीखने के लिए बाहर निकल आते हैं। जैसे-जैसे ग्रीष्म ऋतु आगे बढ़ती है, खिले जंगली फूल, गर्मियों के बाद तक सड़क के किनारों और खुले इलाकों को ढकते हुए बहुत उगते हैं।

स्फूर्तिदायक पतझड़ के दिन, आमतौर पर अक्तूबर 10 और 25 के बीच पत्तियों के शानदार रंग लेकर आते हैं। पर्वत चोटी से नीचे उड़ते हुए दक्षिण की ओर स्थानांतरण करने वाले पक्षियों में बाज यानि हॉक बड़ी संख्या में होते हैं।

और अधिक साफ दिनों तथा पत्ते-झड़े पेड़ों के साथ, शरद ऋतु का समय नज़ारों को दूर से देखने और जमीं हुई मूर्तियों व ढलके हुए झरनों के लिए होता है। मौसम और रंग बदलते हैं; प्रवासी गाने वाली चिड़ियां, बाज, और सम्राट तितलियां आती-जाती हैं। शेननडो में हमेशा रहने वाले, हिरन, भालू, और अन्य हर दिन को अलग और रोमांचक बनाते हुए, बारी-बारी से हर मौसम के अनुरूप ढल जाते हैं।



कंठफोड़वा पक्षी अपने बच्चे को खिलाते हुए।
© ANN SIMPSON



सफेद पूंछ वाले हिरण पर प्राकृतिक रंगों का छलावरण।
NPS



काले भालू शेननडो में पनपते हुए।
© ANN SIMPSON



पार्क रेंजर के साथ नई दुनिया का पता लगाएं।
NPS / JOHN F. MITCHELL



वसंत ऋतु में ट्रिलियम फूलों से भरी वन की धरती।
NPS / BARB STEWART



अब भी पार्क के पिछले भाग में घरों के अवशेष पाये जा सकते हैं।
NPS / JOHN F. MITCHELL



कंक्रीट से ट्रेल पर बने निशान हाइकर्स का मार्ग निर्देश करते हैं।
NPS

## शेननडो की कहानियां




CCC कर्मी स्काईलाइन ड्राइव के किनारे कटाव नियंत्रण बनाते हैं।
NPS; *(नीचे दिये गये फोटो में)*—NPS / ED KNEPLEY


शेननडो राष्ट्रीय उद्यान बनाने से बहुत पहले ही लोग वर्जीनिया के ब्लू रिज पहाड़ों पर आराम और मनोरंजन के लिए आते थे। 18वीं शताब्दी के बाद के वर्षों से स्काईलैंड रिसॉर्ट ने थके-मांदे शहरियों के लिये लम्बे समय तक आकर रुकने के इंतज़ाम किये हैं। बाद में, प्रेसिडेंट हर्बर्ट हूवर और फर्स्ट लेडी लो हेनरी हूवर ने काम के तनाव और राष्ट्र की राजधानी में गर्मियों की गर्मी और उमस से बचने के लिए एक एकांत स्थान के रूप में अपने रेपिडेन शिविर का निर्माण किया। मंदी-युग के सिविलियन कंजर्वेशन कोर्प्स (CCC) के "लड़के" बहुत सी देहाती-शैली की उद्यान सुविधायें निर्मित करने के लिए 1930 के दशक में आये–उन सुविधाओं में से कुछ अभी भी नज़र आती हैं और आज भी उनका उपयोग किया जाता है–ताकि हर कोई मनोरंजन और आराम के लिए पहाड़ों पर जा सके।

आप शेननडो की समृद्ध कहानियों की और अधिक गहराई के साथ खोज करके अपने नोट्स की तुलना पहले आए आगंतुकों के नोट्स से कर सकते हैं। स्काईलैंड रिसॉर्ट में आयें और पुनर्निर्मित किये गये मेसेंट्टन लॉज का दौरा करें। प्रेसिडेंट के पुनर्निर्मित केबिन और हूवर्स के बारे में लगी प्रदर्शनी को देखने के लिए रेपिडेन शिविर की यात्रा की योजना बनायें। उद्यान की और कहानियों के बारे में फिल्मों और प्रदर्शनियों को देखने के लिए आगंतुक केंद्रों पर रुकें।

उद्यान के बारे में जानने के अपने सर्वोत्तम तरीकों में से एक है वार्ता, लम्बी दूरी की पैदल यात्रा, या दौरे के लिए किसी रेंजर को शामिल करना। वसंत, ग्रीष्म ऋतु, और पतझड़ में प्रवेश स्टेशनों, आगंतुक केंद्रों, और www.nps.gov/shen वेबसाइट पर रेंजर की अगुवाई वाली गतिविधियों के कार्यक्रम देखें।



प्रेसिडेंट और श्रीमती हूवर अपने रेपिडेन शिविर में आराम करते हुए।
NPS




स्काईलैंड रिसॉर्ट पर ऐतिहासिक, पुन: सुसज्जित मेसेंट्टन लॉज देखें।
NPS

*(नीचे दिये गये)* ऐतिहासिक पोस्टकार्ड में स्काईलाइन ड्राइव पर 1932 में निर्मित, मेरीस़ रॉक टनल दिखायी गयी है। यह 600 फीट/183 मीटर पहाड़ को काट कर बनायी गयी है। इसकी निकासी 12 फीट, 8 इंच/3.8 मीटर है।
NPS





# अपने मानचित्र और मार्गदर्शिका के साथ शेननडो घूमना




शेननडो राष्ट्रीय उद्यान की सुरम्य सड़क, स्काईलाइन ड्राइव, ब्लू रिज पर्वतों की चोटी के पीछे 105 मील/170 किलोमीटर तक जाती है। अपने दक्षिणी सिरे पर यह ब्लू रिज पार्कवे से जुड़ती है, जो शानदार धुँधलके पर्वतों के राष्ट्रीय उद्यान तक 469 मील/755 किलोमीटर में फैला हुआ है। स्काईलाइन ड्राइव के पश्चिम की तरफ कंक्रीट के अंकित मील-फलक आपको सुविधाओं और सेवाओं का पता लगाने में मदद करते हैं। मील-फलक उत्तर से दक्षिण की दिशा में अंकित हैं, और यह मानचित्र हर पाँच मील/आठ किलोमीटर पर लगा है। ड्राइव के दौरान आने वाले 75 प्राकृतिक दृश्य स्थलों में से बहुत से काले रंग के बिंदु के साथ दर्शाये गये हैं। विवरण वाले मानचित्र विकसित इलाकों को दर्शाते हैं। अधिक विस्तृत मार्गदर्शिकायें तथा लम्बी पैदल यात्राओं से सम्बन्धित मानचित्र प्रवेश स्टेशनों और आगंतुक केंद्रों पर उपलब्ध हैं।


540-999-3500, विकल्प 1,1 पर स्काईलाइन ड्राइव की स्थिति और सड़क की स्थितियों की जाँच करें।

सभी आपात स्थितियों, चोटों, मोटर वाहन दुर्घटनाओं, या उल्लंघनों के बारे में फौरन रेंजर को रिपोर्ट करें या 800-732-0911 पर फोन करें।


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शेननडो राष्ट्रीय उद्यान | 50 स्काईलाइन ड्राइव मील-फलक | अपालचियन पगडंडी मार्ग | रेंजर स्टेशन | पिकनिक मैदान | कैम्पग्राउंड |
| | | | रेस्टरूम्स (पूरे वर्ष खुले) | खाद्य सेवा | गैस स्टेशन |
| शेननडो राष्ट्रीय उद्यान के भीतर निर्जन वन | ऊपर से देखना | अन्य पगडंडी मार्ग | रेस्टरूम्स (मौसम के हिसाब से खुले) | अस्थायी आवास | रीसाइकलिंग और कचरा संग्रह स्थल |

⊛GPO:2015—518-794 पुनर्मुद्रण 2015
रीसाइकल किये हुए कागज पर छपा। Hindi


## Mathews Arm/Elkwallow





## Skyland





## Big Meadows




## Lewis Mountain




## Loft Mountain




## आवश्यक जानकारी प्राप्त करें

प्रवेश स्टेशन, आगंतुक केंद्र, और अन्य स्थान रेंजर की अगुवाई वाले कार्यक्रमों, अंदरुनी जगहों में कैम्पिंग, सुरक्षा, विनियमों, और परिचालन के कार्य-समय के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। मानचित्रों और मार्गदर्शिकाओं के लिए किसी आगंतुक केंद्र पर रुकें या **www.snpbooks.org** पर ऑनलाइन बुकस्टोर देखें। पहले से योजना बनाने के लिएँ, उद्यान की आधिकारिक वेबसाइट, **www.nps.gov/shen** देखें। हम अपनी सुविधाओं, सेवाओं, और कार्यक्रमों को सभी के लिए सुलभ बनाने का प्रयास करते हैं। फोन करें, या हमारी वेबसाइट देखें।

स्काईलाइन ड्राइव, सड़क-पट्टी के साथ-साथ सुंदर दृश्यों और जंगली फूलों वाली तंग पहाड़ी सड़क है। इत्मिनान से ड्राइव का आनंद लें और हमारे 75 प्राकृतिक नज़ारों में से कुछ पर थोड़ी देर रुकें। जंगली जानवर ड्राइव की सड़क-पट्टी के पास अक्सर आते-जाते हैं और वे सड़क के आरपार  जा सकते हैं, इसलिए उनकी और अपनी सुरक्षा के लिए रफ्तार की सीमा 35-मील-प्रति-घंटा बनाये रखें। साइकिल-चालक, सतर्क रहें– सड़क-पट्टी संकरी हो सकती हैं, और वाहन चालकों का ध्यान भंग हो सकता है। साइकिलें और मोटर-चालित वाहन केवल पक्की सड़कों तक ही सीमित हैं।

सुविधायें आमतौर पर वसंत से पतझड़ तक खुली रहती हैं। वर्तमान कार्य-समय की सूची प्रवेश स्टेशनों पर और उद्यान की वेबसाइट पर हैं। रियायती सुविधाओं (लॉज, रेस्तरां, आदि) के विषय पर जानकारी के लिए वेबसाइट **www.goshenandoah.com** देखें या 877-247-9261 पर फोन करें।



उचित खाद्य भंडारण आवश्यक है! NPS

हमारे पास 500 मील/805 किलोमीटर से भी अधिक लम्बे पगडंडी मार्ग हैं। विस्तृत मानचित्र और मार्गदर्शिकायें **www.snpbooks.org** पर और आगंतुक केंद्रों पर उपलब्ध हैं। दिन में लम्बी दूरी की पैदल यात्रा के लिए पगडंडियों के नक्शे **www.nps.gov/shen** से डाउनलोड किये जा सकते हैं। पोटोमैक अपालाचियन ट्रेल क्लब (PATC) के पास छह केबिन है (PATC के साथ आरक्षण आवश्यक है) और अपालाचियन ट्रेल पर लम्बी दूरी के पदयात्रियों के लिए हटनुमा कुटिया बनायी गई है। PATC से **www.patc.net** पर या 703-242-0315 पर सम्पर्क करें।

**जंगल किसके लिए अपने घर जैसा है?**
यह उद्यान एक अभयारण्य है जो पौधों, जानवरों, और ऐतिहासिक वस्तुओं को संरक्षित रखता है। आपको जो मिले उसे नुकसान नहीं पहँचायें या उसे बटोरें नहीं। जंगली फूलों को अगले वर्ष के लिए बीज उत्पन्न करना है; कलाकृतियों को सार्थक होने और लम्बी दूरी की पैदल यात्रा करने वाले अगले व्यक्ति के द्वारा उन्हें फिर से खोजे जाने के लिए अपनी जगह पर टिके रहना है। हिरण के बच्चों और दूसरे जंगली जानवरों के लिए उनका प्राकृतिक निवास उनके घर जैसा है। उन्हें दूर से देखने का आनंद लें।

वन्य-जीवों को खाना खिलाना अवैध और असुरक्षित है। कुछ जानवर पालतू दिखायी देते हैं, लेकिन सभी जंगली और अप्रत्याशित हैं। वे काट सकते हैं, लात मार सकते हैं, और बीमारी फैला सकते हैं। मनुष्यों के द्वारा खाना खिलाये जाने से हिरण और दूसरे जानवर अवैध शिकारियों के लिए आसान लक्ष्य हो जाते हैं। मानव भोजन की आदत होने पर भालू और अधिक खतरनाक हो सकते हैं और उन्हें जान से मारना पड़ सकता है। उनके विनाश का कारण नहीं बनें।

शेननडो राष्ट्रीय उद्यान में शिकार करना निषिद्ध है। मछली पकड़ने के लिए वर्जीनिया का मछली पकड़ने का वैध लाइसेंस आवश्यक है। उद्यान में मछली पकड़ने के ब्रोशर की कॉपी मांगें।



और अधिक पता लगाने के लिए आगंतुक केंद्रों पर खोजें: प्रदर्शनियां, फिल्में, पार्क स्टोर। NPS

**पालतू जानवर**
कुत्ते/पालतू जानवर चेन से बँधे होने चाहियें जो छह फीट/दो मीटर से अधिक लम्बी नहीं होनी चाहिये। सुरक्षा कारणों से, कुछ पगडंडी मार्गों पर पालतू जानवर निषिद्ध हैं। ट्रेलहैड पर जानकारी के बारे में पता करें। सेवादाता जानवरों का स्वागत है।

**तैयार रहें**
पहाड़ों का मौसम तेजी से बदल सकता है। किसी भी मौसम में ठंड, बारिश और कोहरे के लिए तैयार होकर आयें। यहाँ तक कि गर्म और धुप वाले दिन के बाद भी रात में ठंड हो सकती है। जब आप लम्बी दूरी की पैदल यात्रा करें, तो अपने साथ बहुत पानी लेकर आयें, और उपयुक्त पोशाक पहनें। निश्चित करलें कि आपकी पैदल यात्रा आपकी शारीरिक सामर्थ्य के साथ मेल खाती हो। उद्यान का स्टाफ लम्बी दूरी की पैदल यात्रा करने वाले व्यक्तियों को नहीं ले जा सकता है।

**सुरक्षित बने रहें**
कभी भी झरनों के ऊपरी सिरों पर नहीं खेलें या आसपास की चट्टानों पर नहीं चढ़ें। • ऐसे चट्टानी क्षेत्रों में लम्बी पैदल यात्रा करने का प्रयास नहीं करें जो गीले और फिसलन वाले हों। • चढ़ी हुई जलधाराओं को पार नहीं करें। • विकसित प्रणालियों से प्राप्त होने वाले पानी को छोड़ कर समस्त पानी को पीने के लिए सुरक्षित बनाने के लिए उसे एक मिनट तक खूब अच्छी तरह उबालना चाहिये या अन्यथा उसका शोधन करना चाहिये। • कीमती सामान को अपने साथ रखें या अपने वाहन में उन्हें ताला लगा कर ऐसे रखें जो दिखायी नहीं दें। • किसी न किसी व्यक्ति को आपके यात्रा-कार्यक्रम की जानकारी होनी चाहिये। • सेलफोन सेवा उद्यान के बहुत से इलाकों में काम नहीं करती है। • यह अच्छी तरह से देख लें कि जंगली मक्खियां या टिक्स नहीं हों। • आग्नेयास्त्रों से सम्बन्धित नीति सहित, विनियमों की पूरी सूची के लिए, उद्यान की वेबसाइट देखें।

**और अधिक जानकारी**
Shenandoah National Park
3655 U S Hwy. 211 East
Luray, VA 22835-9036
540-999-3500 (रिकॉर्डिंग)
**www.nps.gov/shen**
फेसबुक, ट्विटर, और दूसरे सोशल मीडिया पर हमें फॉलो करें।

शेननडो राष्ट्रीय उद्यान, राष्ट्रीय उद्यान व्यवस्था में शामिल 400 से भी अधिक उद्यानों में से एक है। राष्ट्रीय उद्यानों के बारे में और अधिक जानने के लिए वेबसाइट **www.nps.gov** देखें।

**कोई कचरा नहीं छोड़ें**
यह सुनिश्चित करना हर किसी की जिम्मेदारी है कि भावी पीढ़ियां शेननडो राष्ट्रीय उद्यान का आनन्द ले सकें।

**पहले से योजना बनायें और यात्रा की तैयारी करें तथा मजबूत जमीन पर डेरा डालें:** सड़कों और पगडंडी मार्गों पर रहें। कुचली हुई वनस्पति के कारण कटाव होता है।
**कूड़े-करकट का ठीक से निकास करें:** उसे अच्छी तरह से भरें।
**जो आपको मिले उसे छोड़ दें:** पौधों, जानवरों, या सांस्कृतिक कलाकृतियों को ले जाना अवैध है।
**अलाव यानि कैम्पफायर के प्रभावों को न्यूनतम करें:** केवल अंगीठी वाले निर्दिष्ट इलाकों में ही आग जलायें।
**वन्य जीव-जंतुओं का सम्मान करें:** अगर किसी जानवर के व्यवहार में अपकी मौजूदगी के कारण बदलाव आता है, तो समझ लें कि आप उसके बहुत करीब आ गए हैं।
**दूसरे आगंतुकों का ध्यान रखें:** अपने पालतू जानवर को चेन और पट्टा बाँध कर नियंत्रण में रखें। प्रकृति की निनाद ध्वनियों को महत्व दें– ऊँची आवाज़ करने और शोर मचाने से बचें।

कोई कचरा नहीं छोड़ें सम्बन्धी मार्गनिर्देश: **www.lnt.org**

NPS / ED KNEPLEY



छिपे हुए खजाने की खोज करने के लिए किसी रेंजर की वार्ता में शामिल हों। NPS / JOHN F. MITCHELL



शेननडो में एक जूनियर रेंजर बनें। NPS / JOHN F. MITCHELL



ऊपर से देख कर शानदार दृश्यों का आनंद लें। NPS / ED KNEPLEY